## एक नजर में

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 06 फरवरी, का.** गुरुवार की देर शाम को गुना रोड स्थित कीलखेड़ा के यहां ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक का निधन हो गया. सिटी पुलिस के अनुसार कीलखेड़ा के यहां गुरुवार की देर शाम करीब 8 .30 बजे ट्रेन की चपेट में आने से एक 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई. युवक की पहचान ग्राम कीलखेड़ा निवासी बंटी पिता गोकुल के रुप में हुई है. सिटी पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है. युवक गंभीर अवस्था में ट्रैक के पास मिला, जिसे परिजन व स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है.

### 11 फरवरी को पैट शो सीजन-2

**राजगढ़ 06 फरवरी, का.** पशुपालन एवं डेयरी विभाग राजगढ द्वारा जिले में पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरुकता माह 14 जनवरी से 13 फरवरी 2026 तक मनाया जा रहा है। जिसमें पिछले वर्ष अनुसार पुनः पैट शो सीजन 2 (डॉग शो एवं कैट शो) का आयोजन 11 फरवरी, 2026 को प्रातः 10 बजे से जिला पशु चिकित्सालय परिसरराजगढ में किया जाएगा. जिसमें डॉग एवं कैट की समस्त प्रकार की प्रजातियों की अलग अलग कैटेगरी में प्रतिस्पर्धा आयोजित की जाएगी एवं प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरूस्कार वितरण किया जाएगा. आयोजन में पशु चिकित्सा शिविर, विभिन्न विभागीय योजनाओं का प्रचार प्रसार, पशुक्रूरता निवारण एवं नियमों का प्रचार प्रसार एवं अन्य गतिविधियां भी आयोजित की जाएगी. कार्यकम के अंतर्गत पशुपालन विभाग द्वारा शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में निबंध प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है. जिसके चित्रकला प्रदर्शन एवं पुरूस्कार वितरण भी पैट शो में आमंत्रित अथितियों के द्वारा छात्र छात्राओं को किया जाएगा. डॉग/कैट शो में भाग लेने हेतु सभी पशुपालक शीघ्र ही रजिस्ट्रेशन एवं पूर्ण जानकारी हेतु पशु चिकित्सा संस्था में संपर्क कर सकते हैं.

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में आवेदन आमंत्रित

**राजगढ़ 06 फरवरी, का.** जिला संयोजक अनुसूचित जाति कल्याण विभाग सुश्री निशा जैन द्वारा बताया गया कि आयुक्तजनजातीय कार्य विभाग मध्याप्रदेश भोपाल के अंतर्गत संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश वर्ष 2026-27 हेतु आवेदन प्रारंभ हो गए है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी, 2026 है। कक्षा 5वीं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति वर्ग, विशिष्ट पिछडी जनजाति (बैगा, भारिया, या सहरिया) विमुक्त, जनजातियों, घुमक्कड एवं अर्द्धघुमक्कड समुदाय के अलावा वह बच्चें, जिन्होने अपने माता-पिता को बामपंथी उग्रवाद/कोविड आदि के कारण खो दिया गया है तथा विधवा की संतान, दिव्यांग माता-पिता की संतान, अनाथ या भूमिदाता वर्ग के विद्यार्थी वेबसाइट पर स्टूडेंट कॉर्नर के माध्यम से निःशुल्क ऑनलाईन आवेदन कर सकते है.


# जीपीएस से लैस वाहनों से लाये प्रश्न पत्र

## चाक चौबंद व्यवस्थाओं के बीच कक्षा 10 एवं 12 की बोर्ड परीक्षा सामग्री का वितरण हुआ

**मतदान दलों की तरह वाहनों से पहुंचे परीक्षा सामग्री लेने**

**जिला मुख्यालय से सामग्री लेकर सीधे थाने पहुंचकर जमा की परीक्षा सामग्री**

### इस बार सायबर तरीकों से संवेदनशील केंद्रों पर रहेगी नजर



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा/राजगढ़ 06 फरवरी, का. फरवरी माह के पहले पखवाड़े में ही प्रारंभ होने वाली बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 एवं 12 वीं के लिए शुक्रवार को परीक्षा सामग्री का वितरण जिला मुख्यालय राजगढ़ पर किया गया. जीपीएस सिस्टम से लैस वाहनों के द्वारा परीक्षा सामग्री को केन्द्राध्यक्ष लेकर पहुंचे. सामग्री को सीधे संबंधित क्षेत्र के थाना परिसर में रखा गया है.**

शुक्रवार को प्रात: 11 बजे से राजगढ़ स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में बोर्ड परीक्षा सामग्री का वितरण प्रारंभ कर दिया गया. सामग्री में उत्तर पुस्तिका, गोपनीय सामग्री संबंधित केन्द्राध्यक्षों को प्रदान की गई. पूर्ण सुरक्षा इंतजाम के बीच केन्द्राध्यक्ष परीक्षा सामग्री जीपीएस सिस्टम से लैस वाहन लेकर रवाना हुए.

### पूर्ण गोपनीयता और पारदर्शिता बरती जा रही



बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 एवं 12 वीं के संचालन में पूरी तरह गोपनीयता एवं पारदर्शिता बरती जा रही है. जिस तरह से कड़े सुरक्षा इंतजाम के बीच परीक्षा सामग्री को लाया गया उसी तरह परीक्षा के दौरान भी नकल रोकने कड़े इंतजाम होंगे. प्रशासन की और से तहसील स्तर पर एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा विभागीय स्तर पर डीईओ, बीईओ, डीपीसी, डाईट प्राचार्य, एडीपीसी सहित अन्य विभागों के अधिकारी शामिल होंगे. जिनके द्वारा सतत् रुप से परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर निरीक्षण किया जाएगा.

### थानों से रवाना हुए वाहन वापस थाने आये

परीक्षा केन्द्रांतर्गत आने वाले थाना परिसर से जीपीएस से लैस वाहनों के द्वारा केन्द्राध्यक्ष राजगढ़ परीक्षा सामग्री लेने के लिए रवाना हुए. परीक्षा सामग्री लेने के बाद यह वाहन वापस थाने पहुंचे तथा वहां पर परीक्षा सामग्री को जमा किया गया. जहां कड़े पहरे में परीक्षा सामग्री रखी रहेगी. मतदान दलों की तरह ही वाहनों के द्वारा परीक्षा सामग्री लाई गई. सभी वाहनों में जीपीएस सिस्टम लैस होने से वाहनों की समूची लोकेशन की सतत् निगरानी की जा रही थी. जिस दिन जिस विषय का प्रश्न पत्र होगा उसी दिन उस विषय की सामग्री थाने से केन्द्राध्यक्ष द्वारा लायी जाएगी. जिले के 63 केन्द्रों पर परीक्षाएं संचालित होगी. कक्षा 10 वीं में 20 हजार 19 परीक्षार्थी तथा कक्षा 12 वीं में 14 हजार 847 परीक्षार्थी शामिल होंगे. अति संवेदनशील एवं संवेदनशील केन्द्रों पर नकल रोकने पैनी नजर रहेगी. जिले में 5 अति संवेदनशील एवं 8 संवेदनशील केन्द्र बनाए गये है.

**खबर का असर हुआ, अब आदेश पर अमल का इंतजार**

# परीक्षाकाल में बंद रखने होंगे ध्वनिविस्तारक यंत्र



परेशानी बन रहे कानफोड़ू डीजे

परीक्षाकाल में बिना सरकारी भय रोकटोक तेज आवाजों में बज रहे डीजे साउंड

कानों के पर्दे फाड़ सकता है 120 से 250 डेसिबल का साउंड

रिहायशी इलाकों में लगे पूर्ण प्रतिबंध

घातक है तेज आवाज

ए. साहा
डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर
सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन

डॉ योगेश दांगी
एमडी, राजगढ़

**परीक्षाकाल में ध्वनिविस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध**

**बोर्ड परीक्षाओं के मददेनजर जिले के समस्त क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्रो पर प्रतिबंध**

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 06 फरवरी, का. कलेक्टर एवं मिशन संचालक समग्र शिक्षा अभियान डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा प्राथमिक (कक्षा 5वीं) व पूर्व माध्यमिक (कक्षा 8वीं) की वार्षिक परीक्षा सत्र 2025-26 का 20 से 28 फरवरी, 2026 तक आयोजन होना है एवं साथ ही माध्य मिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं व 12वीं की परीक्षायें माह फरवरी व मार्च में आयोजित हो रही है.**

परीक्षा अवधि के दौरान जिले के समस्त क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्रो पर प्रतिबंधित उपयोग की समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए. जिला परीक्षा समिति की बैठक के निर्णयानुसार जिले में बनाये गये कक्षा 5वीं व 8वीं के 310 परीक्षा केंद्रो पर छात्र अपने शिक्षक/पालक के साथ परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होगे. छात्रों की सुरक्षा की दृष्टि से परीक्षा समय के पूर्व व पश्चात तक अपने क्षेत्र के समस्त व्यस्ततम मार्गो पर सभी प्रकार के वाहनों की गति नियंत्रित रखे जाने की समुचित कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करे.





# चोरी के संकट से घिरा संकट मोचन हनुमान का मंदिर

## एक पखवाड़े में मंदिर में दूसरी बार चोरी, ग्राम खजुरी गोकुल स्थित मंदिर में चोरी से ग्रामीणों में रोष

नवभारत न्यूज

**छापीहेड़ा 06 फरवरी, सं. छापीहेड़ा थानांतर्गत ग्राम खजुरी गोकुल स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में एक पखवाड़े के भीतर दूसरी बार गुरुवार को चोरी की घटना से आक्रोश व्याप्त हो गया.**

मंदिर में हाल ही में चोरी की यह दूसरी घटना है. एक पखवाड़े में मंदिर के गर्भगृह से दूसरी बार चोरी होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया. ताजा घटनाक्रम में 5 फरवरी गुरुवार को दिनदहाड़े दोपहर करीब 1 बजे से शाम 4 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने हनुमानजी की प्रतिमा से लगभग एक किलो वजनी चांदी का मुकुट तथा 200 ग्राम वजनी 'राम नाम' अंकित चांदी की माला चोरी कर ली. चोरी की यह घटना ऐसे समय हुई जब मंदिर परिसर में सामान्य चहल-पहल बनी हुई थी. चोर बड़ी आसानी से गर्भगृह तक पहुंचे और कीमती आभूषण लेकर फरार हो गए.

विदित है कि इसके पूर्व 21 जनवरी 2026 को भी इसी मंदिर से चांदी का छत्र चोरी हो चुका है, जिसका वजन लगभग 500 से 700 ग्राम बताया गया है. उस समय भी ग्रामीणों ने छापीहेड़ा थाना में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका और इसी बीच यह दूसरी बार चोरी की घटना हो गई. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. **रात्रि में ही थाने पहुंचे ग्रामीणजन-** दूसरी बार चोरी की घटना से आक्रोश व्याप्त हा गया. ग्रामीणों ने मंदिर परिसर में एकत्र हुए और यहां से ग्रामीणजन छापीहेड़ा थाने पहुंचे तथा चोरी की घटना को लेकर रोष व्यक्त किया तथा जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की. ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर गांव की आस्था का प्रमुख केंद्र है और यहां दिन दहाड़े चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे है. यदि शीघ्र ही चोरों का खुलासा नहीं हुआ तो सामूहिक रूप से आंदोलन करने को मजबूर होंगे. थाना प्रभारी के अनुसार आसपास के सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे है, जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा.

### एससी एसटी पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की समीक्षा बैठक आयोजित

**राजगढ़ 06 फरवरी, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में अनुसूचित जातिजनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. शासकीय स्वामी विवेकानंद कॉलेज, सारंगपुर में एससीङ्गएसटी पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रकरण लंबे समय से लंबित पाए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कड़ी नाराज़गी व्यक्त की. जिला संयोजक आदिम जाति कल्यापण विभाग को निर्देश दिए गए कि समस्त प्रकरणों के डेटा का सत्यापन कर लंबित छात्रवृत्तियों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए. बैठक में राजगढ़ जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों से ओटीआर पंजीयन नहीं होने के कारणों पर जवाब तलब किया गया. शासकीय कॉलेज छापीहेड़ा एवं शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज पचोर के प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए. वहीं निजी महाविद्यालयएसबीएस कॉलेज, क्राइस्ट कॉलेज ब्यावरा एवं निर्विध्या महाविद्यालय में अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के सत्यापन हेतु अधिक संख्या में लंबित प्रकरण पाए जाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए. बैठक में जिला संयोजक आदिम जाति कल्या ण विभाग सुश्री निशा जैन द्वारा पीपीटी के माध्यम से छात्रवृत्ति से संबंधित समग्र डेटा प्रस्तुत किया गया.

# 11 निर्धन कन्याओं का निशुल्क पाणिग्रहण

## मंत्री प्रहलाद पटेल के बड़े भाई पहुंचे आयोजन में, बेटियों के पैर पूजे




नवभारत न्यूज

**सुठालिया 06 फरवरी, सं.** नगर के समीप स्थित पुण्य सलिला पार्वती नदी के पावन तट पर स्थित शिव मणि घोघरा घाट पर शुक्रवार को नजदीकी ग्राम शंभूपुरा निवासी महेश लोधी द्वारा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वयं के खर्चे से क्षेत्र की 11 निर्धन कन्याओं का निशुल्क विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया. इस मौके पर मप्र सरकार के केबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल के बड़े भाई सेवानिवृत्त इंजी. सरदार सिंह पटेल ने कार्यक्रम में पहुंचकर नवविवाहित जोड़ों को 5-5 हजार रुपए पैर पुजाई में दिए. इस अवसर पर नप अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरिराज लोधी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहन लोधी, इंदरसिंह लोधी, पदमसिंह लोधी, ओमबाबू वर्मा ब्यावरा सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने सम्मेलन में पहुंचकर सहभागिता की बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु शामिल हुए. शाम को सभी 11 जोड़ों का पूर्ण हिंदू रीति रिवाज के साथ पंडित घनश्याम शर्मा के द्वारा विवाह संपन्न कराया गया. इस दौरान आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे वही सभी का सामूहिक भोज भी आयोजित किया गया.

# रंगारंग समारोह में प्रतिभागी सम्मानित




नवभारत न्यूज

**सुठालिया 06 फरवरी, सं. शासकीय बालक उमावि सुठालिया में शुक्रवार को वार्षिक उत्सव के तहत रंगारंग पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया. जिसमें विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया.**

समारोह में अतिथि के रुप में सांसद एवं नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरिराज लोधी तथा सुश्री माधवी परमार भाजपा जिला मंत्री एवं पदम सिंह लोधी, देवीसिंह कुशवाह उपस्थित रहे. अध्यक्षता संस्था प्राचार्य हेमन्त यादव ने की. प्राचार्य द्वारा अतिथियों का स्वागत कर वर्ष भर आयोजित होने वाली गतिविधियों पर प्रकाश डाला. विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिताएं, स्काउट, रेडक्रॉस, सांस्कृतिक, साहित्यिक, शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड, मेडल, प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया.

अतिथियों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की. संचालन शिक्षक मुकेश कुमार शर्मा ने किया. आभार हरिप्रसाद नामदेव ने माना. इस अवसर पर संस्था के स्टॉफ सदस्य, विद्यार्थी उपस्थित रहे.

### गैस सिलेंडर चोरी एवं अवैध हाथ भट्टी की कच्ची शराब बेचने वाले गिरफ्तार

**नरसिंहगढ़ 06 फरवरी, सं.** पुलिस द्वारा सक्रियता एवं तत्परता से कार्यवाही करते हुए गैस सिलेंडर चोरी करने वाले तथा अवैध हाथ भट्टी की कच्ची शराब का विक्रय करने वाले 02 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. 04 फरवरी को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि काली माता मंदिर के पास दो व्यक्ति अवैध हाथ भट्टी की कच्ची शराब बेचने हेतु खड़े हैं। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपियों के कब्जे से लगभग 60 लीटर अवैध हाथ भट्टी की कच्ची शराब कीमत 6 हजार बरामद की गई. आरोपियों के विरुद्ध थाना नरसिंहगढ़ में अपराध क्रमांक 65/26, धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया. पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा एसबीआई बैंक, उदावत परिसर से गैस सिलेंडर चोरी करना स्वीकार किया गया, जिसे आरोपियों की निशानदेही पर बरामद कर लिया गया है. फरियादी नारायण सिंह यादव निवासी सीलखेड़ा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि गांव से गैस सिलेंडर लेकर एसबीआई बैंक, उदावत डीडी जमा करने गए थे. बाहर मोटरसाइकिल पर गैस सिलेंडर बंधा हुआ था. बैंक से बाहर आने पर गैस सिलेंडर गायब मिला.

**खेती की नई तकनीक** | **पड़ाना के समीप मऊ के युवा किसान ने दिखाया कौशल, खेती में नवाचार किया**

# युवा किसान ने ड्रोन से 2500 एकड़ खेत में किया स्प्रे



नवभारत न्यूज

**पड़ाना 06 फरवरी, सं.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में परंपरागत खेती के तौर-तरीकों को पीछे छोड़ते हुए राजगढ़ जिले के किसानों ने आधुनिक कृषि की दिशा में एक बड़ी छलांग लगाई है. अंकुरण फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी मऊ ने जिले में पहली बार ड्रोन तकनीक का उपयोग कर 2500 एकड़ भूमि पर फसलों का उपचार (स्प्रे) कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है.

साथ ही अंकुरण फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के संचालक श्याम राजपूत ने बताया कि कृषि ड्रोन का उपयोग केवल एक नवाचार नहीं, बल्कि किसानों की बड़ी समस्याओं का समाधान है. इसके प्रमुख लाभ है. जिनमें समय की भारी बचत घंटों का काम अब चंद मिनटों में पूरा हो रहा है. समान छिड़काव सेंसर आधारित तकनीक से पूरी फसल पर एक समान दवा का छिड़काव होता है, जिससे बर्बादी रुकती है. दुर्गम क्षेत्रों में सुगमता उन बड़ी फसलों या घने क्षेत्रों में भी स्प्रे संभव हो पाया जहाँ हस्तचालित पंप के साथ जाना मुश्किल था. किसान सुरक्षा खेतों में छिड़काव के दौरान किसानों को जहरीले जीवों (सांप-बिच्छू) और कीटनाशकों के सीधे शारीरिक संपर्क से होने वाले खतरों से सुरक्षा मिली है.

कंपनी के तकनीकी ऑपरेटर नीरज राजपूत ने साझा किया कि इस रबी सीजन में टीम ने 3 अत्याधुनिक ड्रोन्स की मदद से सरसों, चना और मसूर जैसी फसलों को कवर किया है. 2500 एकड़ का यह सफर तो महज एक शुरुआत है. हमारा लक्ष्य अगले साल 10,000 एकड़ तक पहुंचना है. रबी के साथ-साथ खरीफ सीजन में सोयाबीन और मक्का जैसी फसलों पर भी ड्रोन स्प्रे के परिणाम काफी उत्साहजनक होने वाले हैं.

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सारंगपुर श्री राजेश राजपूत ने बताया कि कृषि ड्रोन तकनीक का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन उत्साहजनक है. खेतों में ड्रोन से फसलों पर छिड़काव के काफी सकारात्मक और प्रभावी परिणाम देखने को मिल रहे हैं. इससे न केवल कीटनाशकों का सटीक उपयोग सुनिश्चित हो रहा है, बल्कि फसल की गुणवत्ता में भी सुधार आ रहा है. अंकुरण फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी जैसे संगठनों का यह प्रयास सराहनीय है.

उपसंचालक कृषि सचिन जैन ने कहा कि राजगढ़ जिले में ड्रोन तकनीक के माध्यम से किया जा रहा यह नवाचार कृषि क्षेत्र में एक नई क्रांति ला रहा है. अंकुरण फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी का यह प्रयास न केवल राजगढ़ के किसानों को सशक्त बना रहा है, बल्कि डिजिटल एग्रीकल्चर के सपने को धरातल पर उतार रहा है.


कंपनी के तकनीकी ऑपरेटर नीरज राजपूत ने साझा किया कि इस रबी सीजन में टीम ने 3 अत्याधुनिक ड्रोन्स की मदद से सरसों, चना और मसूर जैसी


- समय की भारी बचत; घंटों का काम अब चंद मिनटों में पूरा हो रहा है.
- सेंसर-आधारित तकनीक से पूरी फसल पर एक समान दवा का छिड़काव होता है.
- बड़ी फसलों या घने क्षेत्रों में भी स्प्रे संभव हो पाया जहाँ हस्तचालित पंप के साथ जाना मुश्किल था.
- खेतों में छिड़काव के दौरान किसानों को जहरीले जीवों (सांप-बिच्छू) और कीटनाशकों के सीधे शारीरिक संपर्क से होने वाले खतरों से सुरक्षा मिली है.


फसलों को कवर किया है. 2500 एकड़ का यह सफर तो महज एक शुरुआत है. हमारा लक्ष्य अगले साल 10,000 एकड़ तक पहुंचना है.


# एसआईआर में लापरवाही पर कृषि विस्तार अधिकारी निलंबित

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 06 फरवरी, का.** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा एसआईआर कार्य में अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के रूप में श्रीमती निरमा यादवकृषि विस्तार अधिकारीनरसिंहगढ़ को पाबन्द किया गया था. श्रीमती निरमा यादव के द्वारा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही पूर्ण रवैया अपनाकर कार्यालय के आदेश की अवहेलना की गई, समय-सीमा में उपस्थित नही हुई, वरिष्ठ अधिकारियों के फोन रिसीव नहीं किये जा रहे हैं. बीएलओ व निर्वाचन कार्यालयीन कर्मचारियों से अभद्र भाषा का प्रयोग किया जा रहा है, कार्यादेश की निरन्तर अवहेलना की जा रही है जिससे निर्वाचन कार्य प्रभावित हुआ है. अनुविभागीय अधिकारी द्वारा श्रीमती निरमा यादव के सम्बन्ध में कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड नरसिंहगढ़ से भी जानकारी ली गई, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरसिंहगढ़ द्वारा अपने प्रतिवेदन में बताया गया कि श्रीमती निरमा यादव द्वारा ना तो निर्वाचन का कार्य किया जा रहा है और ना ही विभागीय कार्य सम्पादित किया जा रहा है.

इस प्रकार अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 160-नरसिंहगढ़ के द्वारा श्रीमती निरमा के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने की अनुशंसा सहित प्रेषित किया गया है. अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के प्रतिवेदन से प्रथम दृष्टया श्रीमती निरमा यादव के द्वारा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य एवं उनके विभागीय कार्य में लापरवाही व अनुशासनहीनता परिलक्षित हुई है. निलम्बन काल में श्रीमती निरमा को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करने की पात्रता होगी.